| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 8. | तरूण भारत संघ, जिला अलवर | 64,300/-रुपये |
| 9. | राजस्थान पर्यावरण परिरक्षण समिति जयपुर | 75,000/-रुपये |
| | कुल : | 3,46,800/-रुपये |

**Disputes over Revision of Electoral Rolls**

187. SHRI CHITTA BASU: Will the Minister of LAW AND JUSTICE be pleased to state:

(a) whether the long-pending disputes over the revisions of electoral rolls have since been resolved;

(b) the nature of the disputes;

(c) what is the attitude of the Central Government in regard to the disputes; and

(d) what steps have so far been taken for the resolution of the disputes?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI HANSRAJ BHARDWAJ):(a) to (d) It is not clear which are the disputes referred to. The revision of electoral rolls by the Election Commission is a continuous process. In order to keep the electoral rools up-to-date and in as perfect a condition as possible the Election Commission undertakes an annual revision of the rolls. Well settled procedures laid down by the Election Commission exist for such a revision of electoral rolls and also for rectifying deficiencies which may come to notice through a special revision.

**पुणे में बम्बई उच्च न्यायालय की न्यायपीठ**

188. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पुणे में बम्बई उच्च न्यायालय की एक न्यायपीठ स्थापित किये जाने के लिये कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**विधि और न्याय मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द):** (क) जी, हां।

(ख) औरंगाबाद में न्यायपीठ स्थापित किए जाने के पश्चात् राज्य सरकार ने पुणे में न्यायपीठ स्थापित करने के प्रस्ताव पर जोर नहीं दिया है।

**कर अपवंचकों का पता लगाने के लिए बम्बई में मारे गए छापे**

189. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बम्बई में कर-अपवंचकों और काले धन के जमाखोरों के आवासीय तथा व्यावसायिक परिसरों पर हाल में छापे मारे गए थे;

(ख) यदि हां, तो ऐसे छापों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में कितने व्यक्तियों को पकड़ा गया; और

(घ) ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है?

**वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग में राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा):** (क) और (ख) जी, हां। जनवरी, 1989 के महीने के दौरान आयकर विभाग ने बम्बई में 147 तलाशियां लीं। इन